झारखण्ड विधान सभा

दैनिक विवरणिका

चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा | द्वादश (बजट) सत्र

संख्या-06 | बुधवार, दिनांक-24 जनवरी, 2018 ई०।

समय-11.00 बजे पूर्वा० से 02.21 बजे अप० तक ।

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)

1.विविध चर्चायें:-

i- माननीय अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करते ही माननीय सदस्य, श्री राज कुमार यादव द्वारा गिरिडीह जिले के गांडेय में एक महिला के साथ छ: लोगों द्वारा हुए सामुहित दुष्कर्म के उपरांत रिम्स में दवा के अभाव में हुई मौत, बुधनी सोरेन एवं श्रीमती बास्के की मौतों का मामला उठाया जिसका समर्थन माननीय सदस्य, श्री अरुप चटर्जी ने भी किया। इसपर आसन द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा गया कि सदन में किसी भी विषय को नियम-परिनियम के तहत तरीके से उठाया जाना चाहिए.

ii- माननीय सदस्य, श्री नागेन्द्र महतो ने बार-बार विपक्ष द्वारा सदन को बाधित किये जाने पर नाराजगी व्यक्त की तथा माननीय सदस्य, श्री ढुलू महतो ने अपने क्षेत्र में जहरीली गैस से हुई मौतों का मामला उठाया।

2.प्रश्नकाल:-

आज के लिए निर्धारित अल्प सूचित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्नवत् हुआ-

(क)अल्प सूचित प्रश्नों की कुल संख्या-09

(i) उत्तरित मात्र-01 अ०सू०-63, श्री राधा कृष्ण किशोर, मा० वि० स०,

(ii) अपृष्ठ मात्र-01 अ०सू०-62, श्री निर्भय कुमार शाहाबादी, मा० वि० स०,

(iii) अनागत कुल-07 अ०सू०-64 से 70 तक।

अ० सू०-64 के प्रश्नकर्त्ता सदस्य द्वारा प्रश्न पूछा गया, लेकिन सदन के अव्यवस्थित होने के कारण माननीय विभागीय मंत्री द्वारा उत्तर देने में असमर्थता व्यक्त की गयी।

इस अवसर पर अपनी पुरानी माँगों को लेकर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा, भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस एवं झारखण्ड विकास मोर्चा के माननीय सदस्यगण अपने-अपने स्थान पर खड़े होकर नारेबाजी करने लगे तत्पश्चात् कतिपय माननीय सदस्य शनैः-शनैः सदन को वेल में आ गये जिससे भारी अव्यवस्था का माहौल कायम हो गया जिसे देखते हुए सदन की कार्यवाही 11.19 बजे पूर्वा० से लेकर 02.00 बजे अप० तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

P.T.O

स्थगनोपरांत

मानीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

माननीय अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करते ही माननीय सदस्य, श्री राधा कृष्ण किशोर ने झारखण्ड लोक सेवा आयोग की प्रारम्भिक परीक्षा मे आरक्षण लागू किये जाने पर्यन्त दिनांक-29.01.2018 को आहूत परीक्षा को स्थगित रखने के निमित्त माननीय मुख्यमंत्री से सदन में घोषणा किये जाने की माँग की गयी।

3.वित्तीय कार्य:-

वित्तीय वर्ष-2018-19 के वार्षिक आय-व्ययक (बजट) पर दिनांक 24 एवं 29 जनवरी, 2018 को सभा में सामान्य चर्चा में भाग लिये जाने के निमित्त विभिन्न राजनीतिक दलों के लिए समय के आवंटन की घोषणा आसन से की गयी, लेकिन आरक्षण की माँग पक्ष-विपक्ष की ओर से पुन: की जाने लगी जिसपर माननीय मुख्यमंत्री द्वारा सदन में घोषणा की गयी कि आज कैबिनेट की बैठक मे निर्णय लेकर झारखण्ड लोक सेवा आयोग से परीक्षा स्थगन हेतु सरकार अनुरोध करेगी।

इस अवसर पर पूर्व की माँगों को लेकर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा, भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस तथा झारखण्ड विकास मोर्चा के माननीय सदस्य नारेबाजी करते हुए सदन की वेल में आ गये। इस क्रम में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के माननीय सदस्य, श्री साईमन मराण्डी वेल में धरना पर बैठ गये तत्पश्चात् वहीं लेट भी गये। आसन द्वारा बार-बार माननीय सदस्यों को अपनी जगह पर जाने हेतु अनुरोध किया गया, परन्तु वे अपनी माँगों पर अड़े रहे। अतएव अव्यवस्था के माहौल को देखते हुए सभा की **कार्यवाही सोमवार, दिनांक-29 जनवरी, 2018 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक** के लिए स्थगित की गयी।

राँची,

दिनांक- 24, जनवरी, 2018 ई०।

विनय कुमार सिंह,
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।

—x—